भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1927

10 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष वीज़ा पहल का कार्यान्वयन एवं प्रगति

1927. श्री नीरज डांगी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों पर केंद्रित मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) को बढ़ावा देने हेतु एक समर्पित "आयुष वीजा प्रारंभ किया है;

(ख) इस पहल के शुभारंभ के बाद से अब तक कितने विदेशी नागरिकों को आयुष वीज़ा जारी किया गया है तथा इस पहल के अंतर्गत वे पहले दस देश कौन-से हैं जहां से रोगियों ने भारत में उपचार प्राप्त किया है; और

(ग) विदेशी रोगियों हेतु मान्यता प्राप्त आयुष अस्पतालों, आरोग्य केंद्रों तथा पंचकर्म संस्थानों द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): जी हां, आयुष पद्धति के तहत इलाज के लिए भारत आने वाले विदेशी नागरिकों के लिए वीजा की एक अलग उप-श्रेणी है, अर्थात् आयुष पद्धति के तहत इलाज के लिए आने वाले विदेशी नागरिकों के लिए एम-3 वीजा और एम-3 वीजा पर आने वालों के साथ आने वाले परिचरों के लिए एम-4 वीजा।

(ख): इस पहल की शुरुआत के बाद से जिन विदेशी नागरिकों को आयुष वीजा जारी किया गया है, उनकी संख्या संलग्नक में दी गई है।

आयुष वीजा पहल के तहत भारत में जिन शीर्ष दस देशों से रोगियों ने उपचार का लाभ उठाया है, उनमें स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, केन्या, संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल, ओमान, उज्बेकिस्तान और पुर्तगाल शामिल हैं।

(ग): आयुष वीजा एक ऐसे विदेशी को दिया जाता है जिसका एकमात्र उद्देश्य यह होता है कि वह राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच)/भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) सहित किसी संबंधित सरकारी प्राधिकरण (प्राधिकरणों) द्वारा प्रत्यायित तथा पंजीकृत अस्पतालों/आरोग्य केंद्रों में और ऐसे आयुष सेवा-प्रदाता अस्पतालों में भी जो अस्पतालों तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) द्वारा प्रत्यायित हैं, चिकित्सीय देखभाल और आरोग्य जैसी आयुष पद्धतियों के तहत उपचार प्राप्त करे।

*****

संलग्नक

इस पहल की शुरुआत के बाद से जिन विदेशी नागरिकों को आयुष वीजा जारी किया गया है, उनकी संख्या

	आयुष परिचर वीजा	**आयुष वीजा**		**पर्यटक वीजा, आयुष परिचर वीजा**	**पर्यटक वीजा, आयुष वीजा**	
वर्ष	**ई-वीजा**	**वीजा**	**ई-वीजा**	**ई-वीजा**	**ई-वीजा**	कुल योग
2024	116	132	1102		4	1354
2025	510	185	2294	1	12	3002
2026	68	20	380	1	4	473
कुल योग	694	337	3776	2	20	4829

[स्रोत: गृह मंत्रालय]